राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION,**
**BIHAR**

पत्र संख्या–पं0नि0 30–81/2024 790
प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
पूर्वी चम्पारण।

पटना, दिनांक– 21.3.25

**विषयः–** प्रखण्ड हरसिद्धि ग्राम पंचायत बैरियाडीह के उप मुखिया के रिक्त पद पर निर्वाचन के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक 111 दिनांक 01.03.2025 एवं आयोग का पत्रांक 551 दिनांक 27.02.2025

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा प्रखंड हरसिद्धि के ग्राम पंचायत बैरियाडीह के उप मुखिया के रिक्त पद पर आयोग के प्रासंगिक पत्र के आलोक में निर्धारित निर्वाचन के संबंध में मार्गदर्शन की मांग की गई है।

उल्लेखनीय है कि आयोग के पत्रांक 2633 दिनांक 20.06.2024 जिसमें उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हेतु आयोजित की जाने वाली बैठक की सूचना बैठक की तिथि से तीन दिन पूर्व नहीं होने के कारण आयोग द्वारा तटस्थता एवं अहस्तक्षेप का अभिमत रखते हुए निर्वाचन की तिथि निर्धारित नहीं की गई, के आलोक में पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना से मार्गदर्शन की मांग की गई। जिसके आलोक में विभागीय पत्रांक 8064 दिनांक 02.09.2024 द्वारा निदेश दिया गया कि उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हेतु आयोजित की जाने वाली बैठक की सूचना बैठक की तिथि से तीन दिन पूर्व सभी सदस्यों को प्राप्त होने संबंधी अनिवार्यता को समाप्त की गई है।

विभागीय मार्गदर्शन प्राप्त होने के उपरान्त आयोग को निर्वाचन कराने हेतु पत्र/प्रस्ताव न भेजकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को विभागीय परामर्श को संलग्न करते हुये आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दे दिया गया।

उक्त परिप्रेक्ष्य में आयोग का निर्देश है कि –

(क). प्रखंड हरसिद्धि के ग्राम पंचायत बैरियाडीह के उप मुखिया के विरूद्ध पूर्व में ही अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराये जाने के प्रस्ताव भेजे जाने के बावजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी हरसिद्धि द्वारा संबंधित उपमुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव का दुबारा दिनांक 16.11.2024 को बैठक किस परिस्थिति में बुलाया गया। इस आशय की जानकारी जिला को थी या नहीं, के संदर्भ में विस्तृत प्रतिवेदन आयोग को प्रेषित की जाए।

(ख). प्रखंड हरसिद्धि के ग्राम पंचायत बैरियाडीह के उप मुखिया के रिक्त पद पर निर्वाचन के संबंध में वैधानिक कठिनाई उत्पन्न होने के लिए दोषी पदाधिकारी को चिन्हित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त की जाए।

अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

विश्वासभाजन,
21/3/25
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक पं0नि0 30–81/2024 790 पटना, दिनांक – 21.3.25
प्रतिलिपि : सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार, पटना/आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/3/25
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक पं0नि0 30–81/2024 790 पटना, दिनांक – 21.3.25
प्रतिलिपि : निर्वाचन स्थापना शाखा को अग्रेतर कार्रवाई हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/3/25
विशेष कार्य पदाधिकारी।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847, E-mail: secbihar@gmail.com
secbihar@gmail.com